# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## कार्यवृत्त

**दिनांक 20 जून, 2012** को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेण्टर फॉर एकेडमिक्स में सम्पन्न हुई **विद्या परिषद** की बैठक की कार्यवाही :–

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित रहें :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 अशोक कुमार, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 संजय कुमार श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 आर0सी0 कटियार | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ए0एल0 जाटव | सदस्य |
| 5. | डॉ0 आर0पी0 सिंह | सदस्य |
| 6. | प्रो0 मुकेश रंगा | सदस्य |
| 7. | प्रो0 सुभाष चन्द्र अग्रवाल | सदस्य |
| 8. | प्रो0 मृदुला भदौरिया | सदस्या |
| 9. | प्रो0 के0के0 बहल | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी0के0 कुश | सदस्य |
| 11. | प्रो0 वी0डी0 अग्रवाल | सदस्य |
| 12. | डा0 रणन्जय सिंह | सदस्य |
| 13. | प्रो0 सुरेश चन्द्र | सदस्य |
| 14. | डॉ0 रवि प्रताप श्रीवास्तव | सदस्य |
| 15. | डॉ0 राम लखन पाल, | सदस्य |
| 16. | डा0 वी0एन0 पाण्डेय | सदस्य |
| 17. | डॉ0 मिथलेश | सदस्य |
| 18. | सुश्री रूचिका कृष्णा | सदस्या |

| | |
|---|---|
| 19. डॉ0 शीला | सदस्या |
| 20. डॉ0 अमना जैदी | सदस्या |
| 21. डॉ0 वी0एन0 पाल | सदस्य |
| 22. डॉ0 आशा रानी राय | सदस्या |
| 23. डॉ0 राशि अग्रवाल | सदस्या |
| 24. डॉ0 राजेश प्रताप सिंह | सदस्य |
| 25. डॉ0 आर0एन0एल0 श्रीवास्तव | सदस्य |
| 26. डॉ0 आनन्द कुमार सिंह | सदस्य |
| 27. डा0 यू0एन0 शुक्ला, | सदस्य |
| 28. डॉ0 निशा शर्मा | सदस्या |
| 29. डॉ0 के0बी0 थापा | सदस्य |
| 30. डॉ0 नियति पाधि | सदस्या |
| 31. श्री विशाल अवस्थी | सदस्य |
| 32. डॉ0 एन0पी0 सिंह | सदस्य |
| 33. डा0 ए0एस0 भटनागर | सदस्य |
| 34. डॉ0 आर0एस0 निरंजन | सदस्य |
| 35. डॉ0 प्रदीप कुमार | सदस्य |
| 36. श्रीमती ममता सागर | सदस्या |
| 37. डॉ0 बृजेश स्वरूप कटियार | सदस्य |
| 38. डॉ0 अतुल प्रसाद वार्ष्णेय | सदस्य |
| 39. डॉ0 एम0पी0 सिंह | सदस्य |
| 40. डॉ0 डी0वी0 सरदेशाई | सदस्य |
| 41. डॉ0 जे0 सिंह | सदस्य |
| 42. डॉ0 एस0एन0 सिंह | सदस्य |

43. डॉ0 प्रवीन कटियार सदस्य

44. डॉ0 विनय कृष्णा सदस्य

45. डॉ0 सन्दीप कुमार सिंह सदस्य

46. डॉ0 अनिल यादव सदस्य

47. डॉ0 विनोद कुमार सदस्य

48. डॉ0 एस0के0 अरोड़ा सदस्य

49. डा0 देव नारायण सदस्य

50. डॉ0 डी0सी0 श्रीवास्तव विशेष आमंत्रित

51. डॉ0 डी0 अवस्थी विशेष आमंत्रित

52. श्री सय्यद वकार हुसैन, सचिव

अध्यक्ष महोदय ने विद्या परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की। बैठक में विस्तृत विचारोपरान्त मदवार निम्नांकित निर्णय लिये गये।

*मद सं0–1:* **विद्यापरिषद की विगत बैठक दिनांकः 01.08.2011 एवं आकस्मिक बैठक दिनांकः 30.03. 2012 की कार्यवृत्त के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

विद्यापरिषद की सम्पन्न बैठक दिनांक 01.08.2011 एवं आकस्मिक बैठक दिनांकः 30.03.2012 की कार्यवाही को सर्वसम्मपति से सम्पुष्ट किया गया। कतिपय सदस्यों द्वारा विगत बैठकों में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई जिसपर अध्यक्ष महोदय ने आगामी बैठकों में कृत कार्यवाही आख्या (Action Taken Report) के साथ कार्य सूची सदस्यों को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये।

*मद सं0–2:* **उ0प्र0 ग्रामीण आर्युविज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, सैफई, इटावा में पैरामेडिकल महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2012–13 से बैचलर ऑफ साइंस इन आप्टोमेट्री (बी.एससी.– आप्टोमेट्री) एवं बैचलर ऑफ साइंस रोडियोलाजिकल एण्ड इमेजिंग टेक्निक्स पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की गठित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक दिनांकः 01.06.2012 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार।**

विद्या परिषद ने सर्वसम्मति से उ0प्र0 ग्रामीण आर्युविज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, सैफई, इटावा में पैरामेडिकल महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2012–13 से बैचलर ऑफ साइंस इन आप्टोमेट्री (बी.एससी.– आप्टोमेट्री) एवं बैचलर ऑफ साइंस रोडियोलाजिकल एण्ड इमेजिंग टेक्निक्स पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की गठित बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक दिनांकः 01.06.2012 की संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया।

## अनुपूरक कार्यसूची

मद सं0–1: **विश्वविद्यालय परिसर में M.Phil in Gandhian Studies प्रारम्भ किये जाने हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की सम्पन्न बैठक दिनांकः 13.06.2012 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार।**

विद्या परिषद ने सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय परिसर में M.Phil in Gandhian Studies प्रारम्भ किये जाने हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की सम्पन्न बैठक दिनांकः 13.06.2012 की संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0–2: **विश्वविद्यालय परिसर में Spanish, French तथा German में एक वर्षीय Certificate Course प्रारम्भ किये जाने हेतु हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की सम्पन्न बैठक दिनांकः 14.06.2012 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार।**

विद्या परिषद ने सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय परिसर में Spanish, French तथा German में एक वर्षीय Certificate Course प्रारम्भ किये जाने हेतु हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की सम्पन्न बैठक दिनांकः 14.06.2012 की संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया।

## अन्य बिन्दु (अध्यक्ष महोदय की अनुमति से)

मद् सं0–1: अध्यक्ष महोदय ने विद्या परिषद को यह अवगत कराया कि पीएच–डी0/डी–लिट् में प्रवेश हेतु विद्या परिषद/कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित नवीन अध्यादेशों का अनुमोदन

महामहिम कुलाधिपति महोदय से प्राप्त नहीं हुआ है अतएव पीएच–डी0 में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तर पर आयोजित संयुक्त पात्रता परीक्षा के परीक्षाफल घोषित उपरान्त छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश दिये जाने हेतु नीति निर्धारित किया जाना आवश्यक है। जिसमें मुख्य रूप से शोध पर्यवेक्षक की नियुक्ति, छात्रों को प्रवेश दिये जाने की प्रक्रिया तथा छः माह का अनिवार्य कोर्स वर्क आदि पर निर्णय लिया जाना है। इस कार्य हेतु अध्यक्ष महोदय ने समस्त संकायाध्यक्षों की एक समिति गठित किये जाने का प्रस्ताव रखा जिस पर विद्या परिषद ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान कर दिया।

**मद् सं0–2:** विद्या परिषद के कतिपय सदस्यों द्वारा यह सूचित किया गया कि उनके विषय की बोर्ड ऑफ स्टडीज अभी तक गठित नहीं है जिस पर अध्यक्ष महोदय ने प्रत्येक विषय की बोर्ड ऑफ स्टडीज गठित करते हुये सम्बन्धित संयोजक एवं सदस्यों को सूचित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये।

**मद् सं0–3:** संकायाध्यक्ष विधि संकाय द्वारा यह अवगत कराया गया कि करीब पॉच वर्ष पूर्व विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों में पॉच वर्षीय विधि पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने हेतु अध्यादेश तैयार कर विद्या परिषद/कार्य परिषद के अनुमोदन के उपरान्त महामहिम कुलाधिपति महोदय को अनुमोदन हेतु भेजा गया था परन्तु अभी तक अनुमोदन न प्राप्त हाने से उक्त पाठ्यक्रम अभी तक प्रारम्भ नहीं किया जा सका है। संकायाध्यक्ष ने यह भी अवगत कराया कि बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया ने विधि पॉच वर्षीय पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव कर दिये है जिसके कारण विधि की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक तत्काल आहूत किया जाना अपरिहार्य हो गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा पाठ्यक्रम में संशोधन किये जाने हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक आहूत किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किया गया।

**मद् सं0–4:** संकायाध्यक्ष, आयुर्वेद संकाय एवं आयुर्वेद संकाय के विभिन्न विषयों के संयोजको का कुलसचिव को सम्बोधित पत्र संख्या–2055 दिनांकः 18.06.2012 जिसके द्वारा विद्या परिषद को यह अवगत कराया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (सी.सी.आई.

एम.) नई दिल्ली के अधिसूचना दिनांकः 16 मार्च, 2012 एवं 25 अप्रैल, 2012 द्वारा स्नातक स्तर के बी.ए.एस.एम. तथा परास्नातक स्तर के एम.डी./एम.एस. पाठ्यक्रमों में काफी बदलाव कर दिये गये हैं। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (सी.सी.आई.एम.) की उक्त अधिसूचना को भारत के राजपत्र द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है अतएव पाठ्यक्रमों में किये गये बदलाव को आगामी सत्र से लागू किया जाना अपरिहार्य हो गया है। विद्या परिषद ने आगामी सत्र से उपर्युक्त को यथावत लागू किये जाने पर सर्व सम्पति से सहमति प्रदान कर दी।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

| | |
|---|---|
| **(प्रो0 अशोक कुमार)** | **(सय्यद वकार हुसैन)** |
| कुलपति/अध्यक्ष | कुलसचिव/सचिव |